उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 221 दिनांक /Date.: 24.06.2021

संवाद–126

विषयः– आयोग द्वारा विभिन्न पदों की जारी श्रेष्टता सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु जारी निर्धारित कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पद नाम कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड–131 व 532/214/24/2020), सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3, पशुधन प्रसार अधिकारी (85 प्रतिशत सीधी भर्ती हेतु) (पद कोड–646/343.1/23/2020) व (10 प्रतिशत विभागीय कार्मिकों हेतु) (पद कोड–646/343.2/23/2020) एवं अधिदर्शक/प्रदर्शक (रेशम) (पद कोड–658/022/23/2020), निरीक्षक रेशम (पद कोड–658/331/23/2020), एवं कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक) (पद कोड–52.1R, 52.2R) व अन्य छूटे गये पद कोडों के अभिलेख सत्यापन हेतु जारी श्रेष्टता सूचियों के आधार पर आयोग की **विज्ञप्ति–परीक्षा–53 दिनांक 17 जून, 2021** के द्वारा अभिलेख सत्यापन हेतु तिथियाँ निर्धारित की गई हैं, जिसके अनुसार पदकोडवार एवं अंकित श्रेणीवार चयनित अभ्यर्थियों का निर्धारित तिथियों में अभिलेख सत्यापन किया जाना है। अभिलेख सत्यापन के संदर्भ में कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा प्रमाण पत्रों व अन्य आदि के सम्बन्ध में पृच्छा की जा रही है।।

इस संदर्भ में समस्त चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

1. ऐसे अभ्यर्थी, जिनका चयन एक से अधिक पद कोड में हुआ है, सम्बन्धित अभ्यर्थी का अभिलेख सत्यापन निर्धारित तिथि को दोनों पद कोड का एक ही दिन अभिलेख सत्यापन किया जायेगा।
2. विज्ञापित पद के अनुसार विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक अभ्यर्थी के पास शैक्षिक, प्रशिक्षण/डिप्लोमा, जाति प्रमाण पत्र व अन्य वांछित प्रमाण, जो विज्ञप्ति निर्धारित शैक्षिक अर्हता में उल्लिखित है, के अनुसार वैध होना अनिवार्य है।
3. आयोग की वैबसाइट पर **संवाद संख्या–79 के साथ अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप एव अभिलेख सत्यापन में उपस्थिति हेतु औपबन्धिक प्रवेश पत्र** संलग्न है। कृपया उक्त प्रारूपों को डाउनलोड कर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे।
4. शेष दिशा–निर्देश पूर्ववत् की भाँति यथावत् होंगें।

आयोग की ओर से,

24/6/21

(संतोष बडोनी)
सचिव